रिस्पेक्ट क्या है?

रिस्पेक्ट का अर्थ है 'आपातकालीन देखभाल और उपचार के लिए अनुशंसित सारांश योजना'। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो लोगों को आपातकालीन स्थिति के समय में सोचने में मदद करती है कि कौन सा उपचार उनके लिए उपयुक्त है, जब वे ऐसा निर्णय लेने में असमर्थ हो।

यह महत्वपूर्ण क्यों है?

हम जानते हैं कि, लोग जब बहुत अस्वस्थ होते हैं, तो वे इस बारे में कई बार स्पष्ट रूप से सोच नहीं पाते कि उन्हें कौन सा उपचार चाहिए क्योंकि उनका दिमाग और शरीर बीमारी से अभिभूत होते हैं। जब लोग बीमार होते हैं और अस्पताल में होते हैं तो वहां क्या चल रहा है, इसके बारे में चिंतित होना भी सामान्य है, और इस वजह से स्पष्ट तरह से सोचना मुश्किल भी हो सकता है। इसी कारण से हम सोचते हैं कि जहां संभव हो, आपातकालीन स्थिति या संकट होने से पहले चिकित्सा उपचार के बारे में पहले से ही निर्णय लेना - यह एक अच्छा विचार है।

यह कैसे काम करता है?

रिस्पेक्ट प्रक्रिया को आपके और आपके स्वास्थ्य सेवा व्यावसायिकों के बीच वार्तालाप में मदद करने के लिए बनाया गया है: उन्हें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि आप अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को समझते हैं और कौन से उपचार आपको लाभ पहुँचा सकते हैं और कौन से नहीं। आपको यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि स्वास्थ्य सेवा व्यावसायिक यह समझें कि आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण क्या है और क्या कोई ऐसी चीज है जिसके बारे में आप विशेष रूप से चिंतित हैं या जिसे टालना चाहते हैं।
इस वार्तालाप का उपयोग रिस्पेक्ट फ़ॉर्म को भरने के लिए किया जाता है जिसमें व्यक्ति की स्वास्थ्य समस्याएँ, उनकी प्राथमिकताएँ और कौन से चिकित्सा उपचारों का सुझाव दिया जा सकता है और कौन से नहीं -यह रिकॉर्ड करता है। मूल फ़ॉर्म मरीज के पास रहना चाहिए, हालांकि उनके इलेक्ट्रॉनिक पेशेंट रिकॉर्ड पर फ़ॉर्म की समाविष्ट का रिकॉर्ड रखना अत्यंत मददरूप होता है। रिस्पेक्ट फॉर्म कानूनी रूप से बाध्यकारी दस्तावेज नहीं है और इसे किसी भी समय बदला या वापस लिया जा सकता है।

Author ID: Consultant respiratory physician
Department: CCLI
Printed: September 2023
Review date: September 2025
Version: 01
Leaflet number: PI 234 (Hindi – translated by Cintra)

Compassion Excellence Collaboration

Large print copies and alternative language versions of this leaflet can be made available on request.

Royal Papworth Hospital NHS Foundation Trust
Papworth Road, Cambridge Biomedical Campus,
Cambridge CB2 0AY
Tel: 01223 638000
www.royalpapworth.nhs.uk

© 2023 Royal Papworth Hospital NHS Foundation Trust

A member of Cambridge University Health Partners

View a digital version of this leaflet by scanning the QR code

रिस्पेक्ट फॉर्म का उपयोग अक्सर उन उपचारों का संकेत देने के लिए किया जाता है जो कोई ना चाहता हो और / या ऐसे उपचार जिन्हें उनके स्वास्थ्य सेवा व्यावसायिक मानते हैं कि अब उनके लिए लाभदाई नहीं होंगे। यदि लोगों की हालत बढ़ती स्थितियों से बदतर हो रही है, तो उन चीजों के बारे में पहले से विचार करना मददरूप हो सकता है जैसे कि क्या वे अस्पताल में वापस जाना चाहेंगे और यदि अस्पताल में हैं, तो किस प्रकार के उपचार उनके लिए मददरूप हो सकते हैं। इसमें अक्सर यह निर्णय शामिल होता है कि यदि उनका दिल रुके तो उन्हें कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) की कोशीश करनी चाहिए या नहीं।

यह किसके लिए है / क्या यह मेरे संबंधित है?

इस प्रक्रिया की उन लोगों के लिए संबद्धता बढ़ जाती है जिन्हें स्वास्थ्य को लेकर जटिल आवश्यकताएँ हैं, ऐसे लोग जो अपने जीवन के अंत के करीब हो और जिन्हें अचानक विकृति या कार्डियक अरेस्ट(हृदय गति रुकना) का खतरा है।

हालाँकि, ज्यादातर लोग बढ़ती हुई बीमारी को ठीक करने के हेतु से या अपने जीवन को लंबे समय तक बढ़ाने के हेतु से बड़ी प्रक्रियाओं या सर्जरी के लिए पैपवर्थ आते हैं, और यदि आप उनमें से एक है हैं, तो आप सोच सकते हैं कि रिस्पेक्ट चर्चा आप और अन्य लोगों पर कैसे लागू होती है। रिस्पेक्ट प्रक्रिया के बारे में समझने वाली प्रमुख बातों में से एक यह है कि इसका उपयोग साधारणतः व्यक्ति की इच्छाओं और प्राथमिकताओं को दर्ज करने के लिए किया जा सकता है, बिना किसी सीमा निर्धारित किए कि उन्हें क्या उपचार करना चाहिए। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारे यहां की जाने वाली सभी प्रक्रियाएं और ऑपरेशन जटिलताओं के जोखिम के साथ आते हैं। ऐसी असंभव घटनाएं जिसमे चीजें योजना के अनुसार न हो तब किसी व्यक्ति की प्राथमिकताएँ, उनके डर, चिंताएं और आशाओं के बारे में कुछ विचार रखना वास्तव में मददरूप होता है। एक बार फिर, दस्तावेज़ कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है, लेकिन यह आपकी देखभाल करने वालों को यह जानने में मदद कर सकता है कि आप क्या चाहते हैं, यदि आप अपने लिए कहने में असमर्थ हैं ।

Author ID: Consultant respiratory physician
Department: CCLI
Printed: September 2023
Review date: September 2025
Version: 01
Leaflet number: PI 234 (Hindi – translated by Cintra)

Compassion Excellence Collaboration

Large print copies and alternative language versions of this leaflet can be made available on request.

Royal Papworth Hospital NHS Foundation Trust
Papworth Road, Cambridge Biomedical Campus, Cambridge CB2 0AY
Tel: 01223 638000
www.royalpapworth.nhs.uk

© 2023 Royal Papworth Hospital NHS Foundation Trust

A member of Cambridge University Health Partners

View a digital version of this leaflet by scanning the QR code